कोटद्वार, मंगलवार
3 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 41 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

ज

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### लीची तोड़ने पर भिड़े दो पक्ष, तीन घायल

काशीपुर। बाग से लीची तोड़ने और वहां मौजूद लड़की से छेड़छाड़ के विरोध पर ग्राम बैंतखेड़ी में सोमवार को दो पक्षों में मारपीट हुई। विरोध् पर आरोपियों ने अपने साथियों को बुला लिया और ठेकेदार से मारपीट की। इस दौरान तीन लोग घायल हो गए। अभी तक किसी भी पक्ष ने किसी को भी तहरीर नहीं दी है। जानकारी के मुताबिक पंचायत बैंतखेड़ी छोई रोड पर लीची का बाग है। सोमवार दोपहर को गांव बैंतखेड़ी के कुछ युवक लीची तोड़ने बाग पहुंचे। वहां उन्होंने बाग में मौजूद लड़की से छेड़छाड़ भी की। छेड़छाड़ का विरोध नरेश, प्रेम सिंह और इंद्रजीत ने किया तो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। वहां पहुंचने के उन्होंने तीनों के साथ मारपीट की। जिसमें नरेश पुत्र नारायण निवासी बैंतखेड़ी, प्रेम सिंह पुत्र चंद्रभान व इंद्रजीत पुत्र चंद्रभान के सिर और कमर पर गंभीर चोट लगी। हंगामा बढ़ता देख वहां मौजूद कुछ लोगों ने बीच बचाव कराया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां से तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष ने पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी थी। बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं है। शिकायत आने के बाद कार्रवाई होगी।

### भदौरा, देवल बिछराल और झटौली के जंगल जले

बागेश्वर। धरमघर रेंज के धपोली और भद्रकाली के बाद अब भदौरा, देवल बिछराल व झटौली के जंगल आग की चपेट में आ गए हैं। जंगलों में सोमवार की सुबह से आग लग गई। आग से धुएं का गुबार उठने लगा। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी और जल्द आग पर काबू पाने की मांग की। सोमवार को क्षेत्र के तीन–तीन जंगल एक साथ जल गए। वन विभाग की लाख चेतावनी के बाद भी अराजक तत्व जंगलों को आग लगाने से पीछे नहीं हैं। दो दिन पहले भद्रकाली और धपोली के जंगल धधके। वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन दो दिन आद ही एक साथ तीन–तीन जंगलों में आग लग गई। आग से जहां वन संपदा को नुकसान हो रहा है, वहीं वातावरण भी दूषित हो रहा है। लोगों ने वन विभाग से आग पर काबू पाने तथा अराजत तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर रेंजर प्रदीप कांडपाल ने बताया कि आग बुझाने के लिए वन कर्मी भेज दिए हैं। जल्द आग पर काबू पाया जाएगा।

### राजपुरा से नाबालिग लापता, अपहरण का केस दर्ज

हल्द्वानी। राजुपरा क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की लापता हो गई। परिजनों ने सितारगंज निवासी युवक पर बेटी को बहला–फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। राजपुरा निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में कहा कि उसकी 16 साल की बेटी एक जून की शाम मेडिकल स्टोर से दवा लेने गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। उसकी काफी तलाश की गई, पर कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद कोतवाली पहुंचे परिजनों ने सितारगंज निवासी जितेंद्र नाम के युवक पर बेटी को बहला–फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### विवाहिता ने जहर गटक कर जान दी

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते जहर गटक कर जान दे दी। तबीयत बिगड़ने पर उसे एसटीएच लाया गया। जहां एक दिन उपचार के बाद सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। एसओ मुखानी दिनेश जोशी ने बताया कि बेल बसानी निवासी 35 वर्षीय मीना की 14 साल पहले शादी हुई थी। उसका नौ साल का एक बेटा है। पुलिस के मुताबिक रविवार मीना को एक शादी में जाना था। लेकिन परिवार के किसी सदस्य ने इस पर ऐतराज जताया। जिससे उनमें कहासुनी हो गई।

इससे आवेश में आकर मीना ने अपने कमरे में पहुंचकर जहर गटक लिया। परिजन उसे एसटीएच लेकर आए।

# समाज के अन्तिम छोर के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य करें : धामी

### ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक बनायी जाए विस्तृत योजना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जाएं। विकसित उत्तराखण्ड के लिए ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक 2047 तक कैसा स्वरूप होगा, इस दिशा में जिलाधिकारियों द्वारा कार्य किये जाएं। समाज के अन्तिम छोर के लोगों तक पहुंचकर उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ ही उनको मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य किये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल बैठक के दौरान सभी जिलाधिकारियों को दिये।



मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने जनपदों में जनहित से जुड़े 5-5 बेस्ट प्रैक्टिस और नवाचारों पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जनपदों को पुरस्कृत किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से 25 जुलाई तक जनपदों में बृहद स्तर पर पौधा रोपण अभियान चलाने को कहा। कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के साथ ही प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

जलस्त्रोतों के संरक्षण और अमृत सरोवरों की कार्य प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रत्येक जनपद में इसके लिए नोडल अधिकारी बनाये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए। एक जनपद दो उत्पाद पर विशेष ध्यान दिया जाए। सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय उत्पादों का उपयोग किया जाए, इसका पूर्णतः पालन किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### आपदा प्रबन्धन तंत्र को अलर्ट मोड में रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा मानसून अवधि में राज्य में औसत से अधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसको ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी की जाए। कहा कि मानसून शुरू होने से पहले नालों की सफाई कराई जाए। मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए पेयजल, विद्युत, सड़कों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पानी की टंकिया स्वच्छ रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू, मलेरिया और कोरोना से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाए। सभी जिलों में आपदा प्रबंधन तंत्र को अलर्ट मोड में रखा जाए। टोल-फ्री नंबरों को सभी जिलों एवं तहसीलों में सक्रिय किया जाए। जिससे नागरिक आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा रूट पर विशेष सतर्कता एवं सक्रियता बरती जाए। यातायात, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए।

# वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया का निधन, सीएम ने किया शोक व्यक्त



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार, दैनिक जागरण के राज्य ब्यूरो प्रमुख और उत्तरांचल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर उनके देहराखास स्थित आवास पर जाकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से पतंजलि को झटका

# 273.5 करोड़ के जीएसटी जुर्माने पर रोक लगाने से इन्कार, कंपनी की दलीलें खारिज

हरिद्वार। योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने 273.5 करोड़ के जीएसटी नोटिस के खिलाफ दायर कंपनी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। पतंजलि ने दलील दी थी कि ऐसी पेनाल्टी आपराधिक मुकदमे के बाद ही लगनी चाहिए, जिसे कोर्ट ने मानने से इनकार कर दिया। जस्टिस शेखर बी सर्राफ और जस्टिस विपिन चंद्र दीक्षित की बेंच ने साफ किया कि जीएसटी अधिनियम की धारा 122 के तहत टैक्स अथॉरिटीज द्वारा पेनाल्टी लगाई जा सकती है और इसके लिए किसी आपराधिक मुकदमे (क्रिमिनल ट्रायल) की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जीएसटी पेनाल्टी का मामला सिविल प्रकृति का है और इसमें मुकदमे की जरूरत नहीं है; जीएसटी अधिकारी अपनी कार्रवाई जारी रख सकते हैं। यह मामला हरिद्वार




(उत्तराखंड), सोनीपत (हरियाणा) और अहमदनगर (महाराष्ट्र) स्थित पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की तीन इकाइयों से जुड़ा है। इन इकाइयों में संदिग्ध लेन–देन की जानकारी मिली थी, जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट (कळउ) का उपयोग तो अधिक था, लेकिन उनके पास कोई आयकर दस्तावेज नहीं थे। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (ॅऌ) इंटेलिजेंस ने 19 अप्रैल 2014 को पतंजलि आयुर्वेद को 273.5 करोड़ की पेनाल्टी का कारण बताओ नोटिस जारी किया था। हालांकि, यह नोटिस 10 जनवरी को वापस ले लिया गया था। बाद में जीएसटी अधिकारियों ने पाया कि आपूर्तिकर्ताओं से खरीदी गई वस्तुओं की तुलना में बेची गई मात्रा हमेशा अधिक थी।

### 1 माह में केदारनाथ धाम की यात्रा में 200 करोड़ का कारोबार

देहरादून , । दो मई को बाबा केदार के कपाट खुले थे और आज केदारनाथ धाम को एक माह पूरा हो गया है। इस एक माह की यात्रा में करीब 200 करोड़ का कारोबार हुआ है। इस 200 करोड़ में होटल कारोबार से 100 करोड़, हेली सेवा से 35 करोड़, घोड़ा खच्चर संचालन से 40.50 करोड़ की आमदनी हुई है। श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर जितने घोड़े– खच्चरों का संचालन महत्वपूर्ण है उतना ही डंडी–कंडी संचालन भी। पैदल चलने में असमर्थ कई भक्त डंडी कंडी की जगह डंडी– कंडी से यात्रा करना पसंद करते हैं। वहीं, छोटे बच्चों के लिहाज से भी यह ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। 31 मई तक 29275 श्रद्धालु डंडी– कंडी के माध्यम से यात्रा कर चुके हैं, जिससे एक करोड़ 16 लाख, 89 हजार 100 रुपए की आय प्राप्त हुई है। केदारनाथ धाम की यात्रा में हेली सेवा की डिमांड बहुत रहती है। 31 मई तक लगभग 33000 श्रद्धालु हेली सेवाओं के जरिए बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे हैं।

# हल्द्वानी में गुलदार के हमले से बुजुर्ग महिला की मौत

### – सांसद अजय भट्ट ने परिजनों को दिया ढांढस, तत्काल पिंजरा लगाने के निर्देश

हल्द्वानी। मोरा तोक, बलूटी गांव में एक बुजुर्ग महिला की गुलदार के हमले में हुई दुखद मौत से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है। इस हृदय विदारक घटना की खबर मिलते ही नैनीताल–ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने तत्काल प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी से फोन पर बात कर प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाने और वन्यजीव की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

रविवार शाम को सांसद भट्ट पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वन्यजीवों के हमले में मृतकों के परिजनों को दी जाने वाली 6 लाख की सहायता राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाएगी। अधिकारियों ने सांसद को बताया कि गांव में पिंजरा लगाने का काम शुरू हो चुका है। सांसद ने वन विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के भी निर्देश दिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और ग्रामीण सुरक्षित महसूस



करें। उन्होंने दोहराया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर ग्रामीण सुरक्षित रहे और वन्यजीवों से प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता मिले। इस दौरान मोरा गांव के निवासियों ने सांसद भट्ट से सड़क और अन्य बुनियादी समस्याओं के बारे में भी बात की। श्री भट्ट ने मौके पर ही कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से संपर्क किया और सड़क निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और ग्रामीणों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मणिपुर बाढ़: 19811 लोग प्रभावित, 3365 घर क्षतिग्रस्त, राहत बचाव अभियान जारी

इंफाल,मणिपुर में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने तबाही मचाई है. ताजा आंकड़ों के अनुसार 3365 घर क्षतिग्रस्त हो जबकि इस दौरान 19,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. मणिपुर में नदियों के उफान पर होने और तटबंधों के टूटने के कारण बाढ़ आई. राज्य में पिछले चार दिनों में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है. अपने घरों और इलाकों से निकाले गए लोगों की मुश्किलों को कम करने के लिए इंफाल पूर्वी जिले में 31 राहत शिविर खोले गए हैं. राज्य के सबसे प्रभावित जगहों में सेनापति जिला, इंफाल पूर्वी के हीनगांग, वांगखेई, खुरई शामिल हैं. पिछले चार दिनों में राज्य के अलग–अलग हिस्सों में 47 भूस्खलन की भी खबरें आई हैं.



इंफाल के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं क्योंकि खुरई, हेइंगंग और चेकोन इलाकों में नदी के तटबंध टूट गए. नदी का जलस्तर बढ़ गया. अधिकारियों के अनुसार चेकोन इलाके में इंफाल नदी के उफान पर आने के बाद ऑल इंडिया रेडियो इंफाल कॉम्प्लेक्स और सरकारी जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान समेत कई कार्यालयों, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रतिष्ठानों के परिसर में जलभराव की खबर है.रिपोर्ट के अनुसार इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पट स्थित जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार करा रहे कई मरीजों को रविवार शाम अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया, क्योंकि बाढ़ का पानी स्वास्थ्य सुविधा परिसर में घुस गया था. स्थानीय क्लबों, स्वयंसेवकों, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ कर्मियों ने बाढ़ के पानी के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित महिला आर्थोपेडिक और सर्जरी वार्ड में घुसने के बाद मरीजों को स्थानांतरित करने के लिए हाथ मिलाया.

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने राजधानी के कई जलमग्न इलाकों का दौरा किया. सेना और असम राइफल्स के जवानों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला. इंफाल पूर्वी जिले में इरिल नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया.

### सिक्किम में आर्मी कैंप पर लैंडस्लाइड, 3 जवान शहीद; 6 लापता– बचाव अभियान तेज

गंगटोक , पूर्वोत्तर समेत सिक्किम में जारी भारी वर्षा के बीच रविवार शाम को उत्तरी इलाके के छतेन में एक सैन्य शिविर भूस्खलन की चपेट में आ गया। इस दर्दनाक हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 6 सुरक्षाकर्मी लापता बताए जा रहे हैं। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, भूस्खलन कल शाम करीब 7 बजे हुआ। अभी तक घटनास्थल से 3 शव बरामद किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दुर्गम मौसम और चुनौतीपूर्ण भू–भाग की परिस्थितियों के बावजूद बचाव अभियान तेजी से जारी है। सेना के अधिकारियों ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अब तक तीन शव बरामद किए जा चुके हैं और चार अन्य जवानों को मामूली चोटों के साथ सुरक्षित निकाल लिया गया है। लापता छह कर्मियों का पता लगाने के लिए बचाव दल चौबीसों घंटे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया हाईकोर्ट का रुख

रांची , कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड के चाईबासा स्थित एमपी–एमएलए कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट को निरस्त करने की मांग करते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। चाईबासा कोर्ट ने वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े केस में 22 मई को राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी करते हुए उन्हें 26 जून को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। इस मामले में राहुल गांधी के अधिवक्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि इस मामले में उन्होंने सीआरपीसी की धारा 205 के अंतर्गत हाईकोर्ट में पहले से दायर की गई याचिका अब तक लंबित है। जब तक लंबित याचिका पर सुनवाई नहीं होती, तब तक चाईबासा कोर्ट की



ओर से वारंट जारी करना अनुचित है।

उल्लेखनीय है कि चाईबासा निवासी प्रताप कटियार नामक शख्स ने राहुल गांधी के खिलाफ 9 जुलाई, 2018 को दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उन्होंने वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

# जम्मू–कश्मीर : कठुआ में फिर मंडराया आतंक का साया, तीन संदिग्ध आतंकी दिखे

कठुआ ,जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को एक बार फिर संदिग्ध आतंकियों की मौजूदगी ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। हीरानगर इलाके में एक नागरिक द्वारा तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे क्षेत्र में एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान अभी भी जारी है और इसमें सेना के जवान तथा जम्मू–कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) के जवान संयुक्त रूप से भाग ले रहे हैं। सुरक्षा बलों के उच्च अधिकारियों के अनुसार, हीरानगर के सीमावर्ती गांवों में संदिग्धों की गतिविधि की सूचना मिलने के तुरंत बाद पूरे इलाके को घेर लिया गया। तलाशी अभियान में नवीनतम तकनीकों और उपकरणों का



इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि किसी भी संभावित खतरे को टाला जा सके। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों की पहचान और उनके इरादों का पता लगाने के लिए आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।कठुआ जिला, जो जम्मू क्षेत्र का हिस्सा है, पहले भी आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिशों का सामना करता रहा है। सीमा के करीब होने के कारण, यह क्षेत्र आतंकवादियों के लिए भारत में प्रवेश करने के एक संभावित मार्ग के रूप में जाना जाता है। हाल के वर्षों में, सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अपनी निगरानी और गश्त को और अधिक बढ़ा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप कई संभावित हमलों को विफल किया गया है। आज की घटना ऐसे समय में हुई है जब सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट पर हैं। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आतंकवादी समूह घुसपैठ की फिराक में हैं और ऐसे में संदिग्धों का दिखना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के अंतरिम अध्यक्ष

मुंबई ,भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है।

राजीव शुक्ला बीसीसीआई के अंतरिम अध्यक्ष बन सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान अध्यक्ष रोजर बिन्नी की आयु सीमा पूरी होने के बाद यह बदलाव संभावित है।बीसीसीआई के संविधान के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष निर्धारित है, और रोजर बिन्नी आगामी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे। ऐसे में उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद जब तक नए अध्यक्ष का चुनाव नहीं होता, तब तक राजीव शुक्ला अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत राजीव शुक्ला की उम्र 65 वर्ष है।

# पुश बैक नीति पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार, हाईकोर्ट जाने का निर्देश

नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार की 'पुश बैकझ् नीति के तहत 69 लोगों को बांग्लादेश वापस भेजे जाने की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को गुवाहाटी हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का निर्देश दिया है। यह याचिका ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन ने दायर की थी, जिसमें असम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

याचिका में दावा किया गया है कि असम सरकार बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के लोगों को विदेशी नागरिक मानकर हिरासत में ले रही है और उन्हें बांग्लादेश सीमा के पार भेज रही है। खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले गरीब



और वंचित भारतीय नागरिकों को बिना किसी जांच या सुनवाई के जबरन हिरासत में लिया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि कई बार भारतीय नागरिकों को भी गलती से विदेशी समझकर सीमा पार भेजा जा रहा है, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि सरकार को निर्देश दिए जाएं कि किसी को विदेशी नागरिक घोषित करने से पहले फॉरेन ट्रिब्यूनल द्वारा उचित सुनवाई की जाए।

साथ ही, अपील का मौका देने और विदेश मंत्रालय से नागरिकता की पुष्टि होने तक किसी को भी सीमा पार न भेजा जाए। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि असम सरकार की 'पुश बैकझ् नीति के तहत की जा रही कार्रवाई पारदर्शी नहीं हैं और इससे कई निर्दोष लोग प्रभावित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में ले जाने का निर्देश देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता वहां अपनी बात रख सकते हैं।

# सम्पादकीय

## सैनिकों का सम्मान

उत्तराखंड का नाम ज़हन में आते ही इसकी छवि एक धार्मिक प्रदेश और ऐसे राज्य के रूप में बनती है जहां घर—घर से देश की सेवा के लिए सैनिकों की खेप तैयार होती है। उत्तराखंड के वीर सैनिकों ने देश सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और सेना के सर्वोच्च पदों तक में आसीन हुए हैं। उत्तराखंड की राजनीति में भी सैनिकों का एक बड़ा योगदान रहा है। उत्तराखंड सरकार हमेशा से ही सैनिकों व उनके परिवारों को लेकर संवेदनशील रही है। वर्तमान धामी सरकार ने भी सैनिकों के प्रति अपनी संवेदनशीलता को दिखाते हुए एक बड़ा फैसला लिया है जिसके तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश में शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढाकर 50 लाख किये जाने की घोषणा जो चरितार्थ करते हुए शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह धनराशि शहीद आश्रितों को 26 जुलाई, 2024 से अनुमन्य की जायेगी। इस प्रकार प्रदेश में अब शहीद सैनिकों के आश्रितों को 50 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ वीर भूमि भी है, यहां के वीर जवानों ने देश की सीमाओं की सुरक्षा में हमेशा से ही अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। सरकार का यह फैसला बताता है कि सैनिक परिवारों के प्रति राज्य सरकार संवेदनशील है और उनके बलिदान और सेवा को प्रदेश हमेशा याद रखता है। सरकार द्वारा सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिकी राशि में भी वृद्धि की गई है। बलिदानियों के परिवार के एक सदस्य को राज्य की सरकारी नौकरी में समायोजित करने का भी निर्णय सराहनीय है। सैनिक और उनके परिवार पूरे समाज की जिम्मेदारी है और उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार को हमेशा से ही संवेदनशील रहना चाहिए। सैनिकों का सम्मान देश का सम्मान है। भारतीय सेवा सुनहरे भविष्य का एक अच्छा अवसर है और युवाओं में सी को लेकर पिछले कुछ समय से रुझान भी बढ़ा है। यदि सरकारें सैनिकों एवं उनके परिवारों को लेकर योजनाएं फलीभूत करती हैं तो इस सेवा के प्रति युवाओं में भी रुझान जागृत होगा। धामी सरकार का या फैसला उत्तराखंड के युवाओं को सेवा में जाने का अवसर प्रदान करने के साथ—साथ उनकी वह उनके परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा का भी एक ठोस माध्यम बनेगा।

# लैब—टू—लैंड के मंत्र को साकार करेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय कृषि निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है उनकी दूरदर्शी सोच और किसान कल्याण को समर्पित ऐतिहासिक निर्णयों ने हमारे किसान भाइयों—बहनों को समृद्ध व सशक्त बनाया है, साथ ही 'विकसित भारतइ के विराट संकल्प को नई मजबूती दी है। आज हमारे अन्नदाता न केवल देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि विश्व के कई देशों में खाद्यान्न निर्यात करके भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। कृषि विकसित और किसान आत्मनिर्भर बनें, लैब में होने वाले शोध सही समय में खेतों तक पहुंचे, इसी लक्ष्य को लेकर हम राज्यों के साथ मिलकर एक राष्ट्र—एक कृषि—एक टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं ।

देश की समृद्धि का आधार कृषि और किसान हैं। हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने अनेक शोध किए है द्य कृषि वैज्ञानिक नई तकनीक, उन्नत बीज, खाद इत्यादि से कम लागत पर फसल उत्पादन बढ़ाने के काम में जुटे हुए है। हमारे वैज्ञानिकों के शोध किसानों तक सही समय (रियल टाइम) पर पहुंचे, उन्हें जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, मिट्टी के पोषक तत्वों, उर्वरकों की सही मात्रा सहित कृषि के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से देश के 700 से अधिक जिलों के लगभग 65 हजार गांवों में वैज्ञानिकों की 2170 टीमें पहुंचेगी। इस दौरान लगभग 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद किया जाएगा।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कृषि को विकसित बनाना और किसानों का जीवन बदलना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कोई कर्मकांड नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में समृद्धि लाने का महायज्ञ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्यों के कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, नवाचार से जुड़े संस्थान सभी एकजुट होकर, एक टीम के रूप में विकसित कृषि और समृद्ध किसान के लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। यह अभियान प्रधानमंत्री जी के लैब टू लैंड के मंत्र को साकार कर किसानों की तकदीर और भारतीय कृषि की तस्वीर बदलेगा। वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और लैब में होने वाली रिसर्च की जानकारी किसानों को देंगे। साथ ही, किसानों के अनुभवों से भी सीखकर कृषि अनुसंधान को व्यवहारिक बनाएंगे द्य हमारे विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रयासों और किसानों के अथक परिश्रम से, एक हेक्टेयर में एक क्विंटल भी उत्पादन बढ़ता है तो देशभर में 20 टन खाद्यान उत्पादन बढ़ाने में हम यह सफल होंगे ।कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसी पर निर्भर है। यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत का योगदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेज़ी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, जिसमें विकसित खेती और समृद्ध किसान का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीते 11 वर्षों में किसानों को सशक्त करने के लिए सरकार ने बीज से बाजार तक हर वो फैसला लिया है, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। हाल ही में लिए गए निर्णय जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी हो या प्याज और चावल से निर्यात शुल्क को हटाना, फसलों की जलवायु अनुकूल और अधिक उपज वाली किस्मों के विकास से लेकर किसान हितैषी योजनाओं के विस्तार तक मोदी सरकार की प्राथमिकता में सदैव किसान कल्याण रहा है।प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में छलांग लगाई है। कृषि उत्पादन को देखे तो इसमें ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2024—25 में खाद्यान्न उत्पादन के 3309 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है। खरीफ चावल 1206 लाख टन, गेहूं 1154 लाख टन और सोयाबीन 151 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर हैं। सोयाबीन की उत्पादकता 985 किलो प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 1169 किलो प्रति हेक्टेयर हो गई है। बागवानी क्षेत्र में भी उत्पादन 3621 लाख टन तक पहुँचने का अनुमान है। ये उपलब्धियाँ दर्शाती हैं कि हमारे किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों की शोधपरक क्षमता और मोदी सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियाँ मिलकर कृषि क्षेत्र को नित—नई ऊँचाइयों पर ले जा रही हैं।

# महिला सशक्तिकरण

—के.के.जोशी

मध्यप्रदेश देश के हृदय स्थल में बसा एक ऐसा राज्य है जिसने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज पूरे देश में नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने स्व—सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया है। स्व—सहायता समूह न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनकी स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

**स्व—सहायता समूहों के माध्यम से बदली जिंदगी**

मध्यप्रदेश में स्व—सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व—सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व—सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन—आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व—सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे—छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है।

**बचत को प्रोत्साहित करती लाड़ली बहना योजना**

लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से महिलाओं की स्थिति बेहतर हो रही है बल्कि महिलाएं डिजिटल युग की सहभागी भी बन रही हैं। इस योजना में 1.27 करोड़ महिलाओं को अब तक 35,329 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 25 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ—साथ उनके परिवारों में बचत को प्रोत्साहित कर रही है।

**मुख्यमंत्री— लाड़ली लक्ष्मी योजना ने पेश की मिसाल**

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2024—25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रूपये से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि—पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं।

**हम होंगे कामयाब अभियान से मिला सम्मान**

राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता हम होंगे कामयाब अभियान चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया।

**आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित लखपति दीदी**

मध्यप्रदेश सरकार ने स्व—सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाया है। सरकार का लक्ष्य 5 लाख स्व—सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रही है।

**महिला उद्यमिता को मिल रहा है प्रोत्साहन**

मध्यप्रदेश में 850 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है, जिससे महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है। इसके अलावा, रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को प्रति माह 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे उनकी मासिक आय में बढ़ोत्तरी हो रही है।

**महिला हेल्पलाइन और महिला पुलिस स्टेशन दे रहे सुरक्षा**

राज्य सरकार ने नारी सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है। पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाई गई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। महिला हेल्पलाइन और महिला पुलिस स्टेशन जैसी सेवाओं को भी मजबूत किया गया है। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को अब 112 आपात सेवा से जोड़ा गया है। वर्ष 2024—25 में लगभग 82 हजार 552 महिलाओं को त्वरित सहायता मिली है। योजना के प्रारंभ से अब तक एक लाख 57 हजार महिलाओं को लाभ मिल चुका है

**देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन के बढ़ते कदम**

यह मिशन प्रदेश में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर शुरू किया गया। यह मिशन महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। इस मिशन के तहत स्व—सहायता समूहों को स्टार्ट—अप अभियान से जोड़ा गया, जिसमें 8 करोड़ 10 लाख रुपये के निवेश पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के लिए न केवल सशक्तिकरण के अवसर पैदा किए गए हैं, बल्कि अब महिलाएं पारंपरिक घरेलू कार्यों से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

# पाकिस्तान से युद्ध भारत के लिए मिसाइलों का अंतरास्ट्रीय बाजार खोलेगा

**पूरे साल में 5 लाख करोड़ तक का होता है जिसमें भारत तो बहुत बड़ा खरीददार है। आजकल यूरोपीय देश तो इसी आधार पर दोस्ती, दुश्मनी यह करते हैं जैसे यूएसए अपने मार्केट में किसी देश को घुसने नहीं देता। चाइना और अमेरिका का टैरिफ बार भी यही है। सऊदी अरब, कतर यमन, दोहा, कुवैत, सहित खाड़ी के देश अमेरिका से लड़ाकू विमान तथा रक्षा उत्पाद खरीदते हैं जबकि पलेस्टाइन,को चाइना,हमास को रूस हथियार बेचते हैं। यहां तक कि अमेरिका तो बकायदा आईएमएफ, विश्व बैंक से ऋण भी हथियारों की खरीद के लिए दिलवाता है।रूस का इस कारोबार भी कब्ज़ा है उसकी इकोनॉमी इसी हथियारों की मार्केट से चलती है।**

अजय दीक्षित

रक्षा विशेषज्ञों का मत है कि अब भारत मिसाइलों के लिए अंतराष्ट्रीय मार्केट खुलेगा क्योंकि पाकिस्तान से हुए युद्ध में ब्रह्मोस,आकाश, मिसाइलों ने नौ और दस की दरम्यानी रात पाकिस्तान के एयर बेज नूर खान,आदि निशाना बना कर बहुत नुकसान पहुंचाया इतना ही नहीं आकाश ने पाकिस्तान की शाहीन मिसाइल को हवा में मार गिराया। स्वदेशी तकनीकी से जुड़े जीपीएस नेविक ने भी अमेरिका के जीपीएस को पीछे छोड़ दिया। लेकिन रूस में बने एस 400की मांग भी बढ़ने वाली है क्योंकि इस एयर डिफेंस सिस्टम ने तुर्की से पाकिस्तान द्वारा आयात ड्रोन को भी नेस्तानाबूद कर दिया। पाकिस्तान इस युद्ध में चीनी टेक्नोलॉजी के एयर डिफेंस सिस्टम की बजह से फैल हुआ जबकि उसने पंजाब, राजस्थान, गुजरात की सीमा पर 40 हमले किए लेकिन सब विफल रहे। दरअसल भारत की मिसाइल तकनीकी पर अपने वैज्ञानिकों ने बहुत शोध किया और इसरो ने उपग्रह और मिसाइल बनाने का कार्य 1964 में आरंभ किया था तत्कालीन समय में अब्दुल कलाम ने पहले एप्पल, रोहणी, सेटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े फिर श्री हरिकोटा सेटेलाइट स्टेशनों का कार्य शुरू किया।ये सब स्वदेशी थे ।

**सेटेलाइट के दिशा में क्रायोजेनिक इंजन एक रुकावट बनी**

कई देशों से अनुरोध किया लेकिन किसी ने नहीं दिया तब कस्तूरीरंगन ने अपना क्रायोजेनिक इंजन बनाया।

उसके बाद भारत ने पीछे मड़कर नहीं देखा आज हम मिसाइलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो नहीं बल्कि विषय विशेषज्ञ है। बहुत सी मिसाइलों का जखीरा है जिसमें ब्रह्मोस, अग्नि,आकाश, निर्भय हल्प, और जाने कितनी ।5000 किलोमीटर तक मार करने वाली मिसाइल है। इन मिसाइलों का एक अंतराष्ट्रीय बाजार भी है जिसका मनमाना मूल्य होता है। फ्रांस जर्मनी, इटली, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, इनके खरीददार हैं। पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में भारत की मिसाइल ने जलवा दिखाया है और इसकी जानकारी विश्व बिरादरी को हुई है। अब तक यूरोपीय देशों और अमेरिका, चाइना ही रक्षा क्षेत्र में एशियन देशों,अफ्रीकन देशों को गोला बारूद, तोप, लड़ाकू विमानों, मिसाइल, ड्रोन, राइफल, बेचते थे। बताया जाता है कि यह पूरे साल में 5 लाख करोड़ तक का होता है जिसमें भारत तो बहुत बड़ा खरीददार है। आजकल यूरोपीय देश तो इसी आधार पर दोस्ती, दुश्मनी यह करते हैं जैसे यूएसए अपने मार्केट में किसी देश को घुसने नहीं देता। चाइना और अमेरिका का टैरिफ बार भी यही है। सऊदी अरब, कतर यमन, दोहा, कुवैत, सहित खाड़ी के देश अमेरिका से लड़ाकू विमान तथा रक्षा उत्पाद खरीदते हैं जबकि पलेस्टाइन,को चाइना,हमास को रूस हथियार बेचते हैं। यहां तक कि अमेरिका तो बकायदा आईएमएफ, विश्व बैंक से ऋण भी हथियारों की खरीद के लिए दिलवाता है।रूस का इस कारोबार भी कब्ज़ा है उसकी इकोनॉमी इसी हथियारों की मार्केट से चलती है।

# फिल्म हाउसफुल 5 पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



लोकप्रिय कॉमेडी फ्रैंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 अभिनेता अक्षय कुमार की ही नहीं, बल्कि इस साल की भी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। उनकी यह फिल्म 6 जून, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अक्षय के साथ इस फिल्म में रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, श्रेयस तलपड़े, नाना पाटेकर और जैकी श्रॉफ सहित कई दिग्गज कलाकार नजर आएंगे। ताजा खबर यह है कि हाउसफुल 5 को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। रिपोर्ट के अनुसार, हाउसफुल 5 को सेंसर बोर्ड की तरफ से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। इसका मतलब यह है कि इस फिल्म को हर उम्र के लोग देख सकते हैं और 12 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी व्यस्क के साथ फिल्म देखनी होगी। इस फिल्म की अवधि 2 घंटे, 45 मिनट और 48 सेकंड है। हालांकि, यू/ए सर्टिफिकेट मिलने के साथ हाउसफुल 5 पर सेंसर बोर्ड की कैंची भी चली है। सेंसर बोर्ड ने निर्माताओं को फिल्म में कुछ बदलाव करने की सलाह दी है। आइटम और हराम शब्दों को उपयुक्त शब्दों से बदल दिया गया है। इसके साथ सेंसर बोर्ड ने फिल्म के 1 घंटे 53 मिनट के एक डायलॉग को हटाने के लिए कहा गया है। फिल्म में 3 दृश्य हटा दिए गए हैं। कामुक दृश्यों वाले सीन को 2 सेकंड कम किया गया है।

बता दें कि हाउसफुल 5 के निर्देशन की कमान तरुण मनसुखानी ने संभाली है।

## दृश्यम 3 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

अभिनेता अजय देवगन इन दिनों फिल्म रेड 2 की सफलता का जश्न मना रहे हैं। उनकी यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।आने वाले समय में अजय एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। अब उनकी क्राइम थ्रिलर फ्रैंचाइजी दृश्यम की तीसरी किस्त का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान जाने—माने निर्देशक अभिषेक पाठक ने संभाली है। दृश्यम 3 की रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। अजय और अभिषेक की फिल्म दृश्यम 3 अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अगले साल गांधी जयंती के अवसर पर यानी 2 अक्टूबर, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अजय बड़े पर्दे पर एक बार फिर विजय सलगांवकर के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं।

# टूट जाएगा प्रीति जिंटा का सपना, आरसीबी की जीत पक्की




नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को इस साल नया चैंपियन मिलने वाला है। इस बार वो टीम चैंपियन बनेगी जिसने अभी तक एक भी बार खिताब नहीं जीता है।

आईपीएल—2025 का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाना है और ये दोनों ही टीमें अभी तक खिताब नहीं जीत पाई हैं। लेकिन किसी एक टीम का सपना इस बार भी अधूरा रह जाएगा और वो टीम पंजाब किंग्स हो सकती है।

पंजाब की टीम दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले इस टीम ने साल 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सकी थी। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे हराया था। इस बार श्रेयस अय्यर की कप्तानी में ये टीम दोबारा फाइनल में पहुंची है।

# दिव्या खोसला की फिल्म सावी ने पूरे किए एक साल



दिव्या खोसला की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'सावी को आज रिलीज हुए पूरा एक साल हो गया है। इस मौके पर दिव्या ने फिल्म और उसमें निभाए गए अपने शक्तिशाली किरदार को याद करते हुए खास जज्बात जाहिर किए हैं।अभिनय देव के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक साधारण गृहिणी की कहानी है, जो अपने पति को झूठे हत्या के आरोपों से बचाने के लिए किसी भी हद तक जाती है। दिव्या ने इस भूमिका को अपने करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और यादगार भूमिकाओं में से एक बताया।फिल्म की सालगिरह पर दिव्या खोसला ने कहा, सावी मेरे दिल के बेहद करीब है और हमेशा खास रहेगी। ऐसा लग रहा है जैसे कल ही हम हर्षवर्धन राणे, अनिल कपूर और हमारे निर्देशक अभिनय देव के साथ शूट कर रहे थे। यह किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे पता था कि यह रोल मुझे करना है एक ऐसी पत्नी का जो अपने पति को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। आगे दिव्या कहती हैं, मेरे लिए इससे बड़ी मान्यता कोई नहीं हो सकती थी कि मैंने ऐसा किरदार चुना जो दर्शकों से जुड़ गया और फिल्म की व्यावसायिक सफलता में योगदान दिया।

## वनडे वर्ल्ड कप की तारीखों का हुआ ऐलान, भारत और श्रीलंका करेंगे मेजबानी

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट परिषद ने महिला वनडे वर्ल्ड कप के 13वें संस्करण के शेड्यूल का एलान कर दिया है। ये टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका की मेजबानी में 30 सितंबर से दो नवबंर के बीच खेला जाएगा। महिला वनडे वर्ल्ड कप की भारत में वापसी हुई है। एक दशक के बाद ये टूर्नामेंट उपमहाद्वीप में खेला जाना है। आईसीसी ने बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है। भारत और श्रीलंका में कुल पांच वेन्यू इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे जिसमें बेंगलुरू का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापट्टनम का एसीए—वीडीसीए स्टेडियम इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। वहीं श्रीलंका में कोलंबो में मैच खेले जाएंगे।

# आईपीएल—2025 फाइनल से पहले इस दिग्गज खिलाड़ी ने किया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का एलान



नई दिल्ली। आईपीएल—2025 का फाइनल मंगलवार को खेला जाना है। इस मैच में से पहले एक तूफानी बल्लेबाज ने बड़ा फैसला किया है और इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इस खिलाड़ी का नाम है हेनरिक क्लासेन। साउथ अफ्रीका के क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकताएं तय करने की कवायद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तुरंत प्रभाव से संन्यास ले लिया।

33 वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं।

## एक नजर

### पुल पर हल्के वाहन का ही होगा आवागमन

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : ताला-बंरगाली मोटर मार्ग पर स्थित स्पान स्टील गार्डर भू-स्खलन के कारण सेतु का बांया एबटमेंट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। सुरक्षा के दृष्टिगत सेतु पर एक बार में एक ही हल्के वाहन का आवागमन हो सकेगा।

अधिशासी अभियंता लोनिवि ऊखीमठ राम प्रकाश नैथानी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा बीते 30 मई को ताला-बंरगाली मोटर मार्ग के किमी 1 है.मी. (8-10) पर स्थित 36 मीटर स्पान स्टील गार्डर सेतु का निरीक्षण किया गया था। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र में हो रहे भू-स्खलन के कारण सेतु का बांया एबटमेंट आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने से उक्त सेतु भारी वाहनों हेतु असुरक्षित हो गया है।

बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत फिलहाल एक बार में एक हल्के वाहन का ही संचालन किया जाना संभव होगा। साथ ही अन्य आवश्यक परीक्षण भी किए जा रहे हैं, जिससे अन्य कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों व वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त सेतु पर भारी वाहनों का संचालन न किया जाए।

### यात्री सुविधाओं के विकास के लिए 99.41 लाख स्वीकृत

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चमोली जिले के अल्प संख्यक बाहुल्य क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। जिसके तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 99.41 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। जिससे यात्रा मार्ग पर तीर्थ यात्रियों के लिए आवासीय सुविधा का विकास किया जाएगा।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर यात्री सुविधाओं के विकास के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी गई थी।

जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से यात्रा सुविधाओं के विकास के लिए 99.41 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से श्री हेमकुंड साहिब, घांघरिया पड़ाव पर तीर्थ यात्रियों की आवसीय सुविधा के लिए धर्मशाला का निर्माण शीघ्र करवाया जाएगा।

### थराली प्राणमती नदी पर जल्द होगा वैली ब्रिज का निर्माण

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : थराली ब्लॉक के थराली-पैनगढ़-सूना मोटर मार्ग पर प्राणमती नदी पर जल्द वैली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। यहां ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में भूमि अधिग्रहण के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में भारी बरसात के दौरान थराली-पैनगढ़-सूना मोटर मार्ग में प्राणमती नदी पर बना मोटर पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे थराली गांव, सूना, देवल-ग्वाड़, पैनगढ़ और सुनाऊं गांव के दो हजार से अधिक ग्रामीणों की आवाजाही बाधित हो गई थी।

जिस पर जिला प्रशासन के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व लोनिवि के अधिकारियों ने निरीक्षण कर यहां वैली ब्रिज निर्माण के लिए नया स्थान चिन्हित कर ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की गई। लेकिन यहां स्थानीय ग्रामीण विमला देवी और गोपाल दत्त ने प्रशासन से कई दौर की वार्ता के बाद भी भूमि दिए जाने से असहमति व्यक्त की। ऐसे में ग्रामीणों की परेशानियों और आगामी मानसून को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत भूमि अधिग्रहण व मुआवजा भुगतान कर पुल निर्माण के आदेश दे दिए हैं। जिससे अब प्राणमति नदी पर जल्द पुल निर्माण होने से प्रभावित गांवों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने लोनिवि को शीघ्र भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण कर पुल निर्माण करने के निर्देश दिए हैं।

# सावधान : गर्मी में खूंखार हो रहे बंदर व कुत्ते

## बेस अस्पताल में सैकड़ों लोग पहुंच रहे रेबीज का टीका लगवाने

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लगातार चढ़ता पारा आमजन के साथ ही जानवरों पर भी भारी पड़ रहा है। गर्मी के कारण शहर की गलियों में घूमने वाले कुत्ते व बंदर खूंखार होने लगे हैं। राजकीय बेस चिकित्सालय में प्रतिदिन दस से बीस व्यक्ति रेबीज का टीका लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। खूंखार होते कुत्ते व बंदरों के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। जबकि, शहरवासी कई बार बंदरों के आतंक से निजात दिलवाने की मांग उठा चुके हैं। कुछ सप्ताह पूर्व दुर्गापुरी क्षेत्र के वासियों ने तहसील में प्रदर्शन भी किया था।



कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसा वार्ड हो जहां उत्पाती बंदर व कुत्तों का झुंड न दिखाई दें। सुबह से ही बंदर घरों में उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं।

बंदरों के कारण वार्ड वासियों का अपने घरों की छत पर कपड़े व अनाज सुखाना भी मुश्किल हो गया है। यही नहीं, बंदरों के डर से बच्चों ने घर के बाहर खेलना भी छोड़ दिया है। अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने व लेने के लिए साथ में जाना पड़ रहा है। बंदरों ने घरों के बाहर खेतों में लगाई गई साग-सब्जियों को भी बर्बाद कर दिया है। दरवाजे खुले होने पर बंदरों का झुंड घर के अंदर पहुंच जाता है। मोहल्लों में घूम रहा कुत्तों का झुंड भी आमजन के लिए मुसीबत बन रहा है। कई बार कुत्ते दोपहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने लगते हैं। दरअसल, गर्मी बढ़ने से जानवरों में भी डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। पानी की कमी से वह आक्रामक हो जाते हैं। पूर्व में शहरवासियों के प्रदर्शन के बाद भी सरकारी सिस्टम ने इस समस्या को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई।

### लगातार बढ़ रहे हमले

क्षेत्र में उत्पाती बंदरों व कुत्तों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में प्रतिदिन पांच से दस व्यक्ति कुत्तों व बंदरों के हमले में घायल पहुंच रहे हैं। यही नहीं, घायल जन निजी अस्पतालों में भी उपचार करवा रहे हैं। दो दिन पूर्व मानपुर क्षेत्र में ट्यूशन जा रही छात्रा पर बंदर ने हमला कर दिया था।

छात्रा को उपचार के लिए निजी क्लीनिक में लाया गया। झंडीचौड़ में छत पर कपड़े सुखाने गई एक महिला पर बंदरों ने हमला कर दिया था। वहीं, देवी रोड़ में सुबह की सैर पर निकले एक व्यक्ति को कुत्ते ने काट दिया था। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़कर जंगल में छुड़वाने के साथ ही कुत्तों की बढ़ती संख्या पर लगाम लगवाने की मांग उठाई।

### 24 घंटे में लगवाएं टीका

चिकित्सकों के अनुसार कुत्ता व बंदर अगर हमला कर दें तो घबराएं नहीं। कुत्ते काटने के बाद घाव को साबुन से अच्छी तरह साफ करें। घाव पर कपड़ा या पट्टी न बांधे। ऐसे में 24 घंटे के भीतर चिकित्सालय में पहुंचकर एंटी रैबीज का इंजेक्शन अवश्य लगाए। राह में चलते समय कुत्तों व बंदरों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें।

# चैक बाउंस मामले में एक वर्ष का कारावास

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की अदालत में चैक बाउंस के एक मामले में आरोपित को एक वर्ष का साधारण कारावास सुनाया है। साथ ही 8.50 लाख के अर्थदंड की भी सजा सुनाई है।

कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत काशीरामपुर निवासी राकेश शर्मा ने भूमि की खरीद-फरोखत करने वाले प्रदीप से हल्दूखाता में एक भूमि का सौदा तय किया। 25 लाख में सौदा कर उन्होंने प्रदीप को 23 जनवरी 2018 को आठ लाख की धनराशि बतौर बयाना दे दी। शेष 17 लाख की धनराशि लेकर वे 22 जुलाई 2018 को प्रदीप के घर गए तो प्रदीप घर पर नहीं मिला। उन्होंने प्रदीप से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन, संपर्क नहीं हो पाया। जब उन्होंने प्रदीप से उक्त भूमि के संबंध में पूछा तो प्रदीप ने बताया कि वह भूमि किसी अन्य की है। जब उन्होंने उसे बयाना दी गई राशि लौटाने को कहा तो 27 मई 2019 को प्रदीप ने उन्हें उक्त धनराशि का एक चैक दे दिया। लेकिन, जब उन्होंने वह चैक बैंक में लगाया तो चैक बाउंस हो गया। इसके बाद राकेश ने न्यायालय की शरण ली। अधिवक्ता जसवीर राणा ने बताया कि मामले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की अदालत में सुनवाई चल रही थी। बताया कि लंबी सुनवाई के बाद सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सोनिया ने मामले में प्रदीप को दोषी पाते हुए एक वर्ष का साधारण कारावास सुनाया है। साथ ही 8.50 लाख का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

# समर कैंप में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पोखड़ा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय चोपड़ा में समर कैंप का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने कविता पाठ, लोकनृत्य व लोकगीतों में प्रतिभाग कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। बच्चों ने क्राफ्ट वर्क में झाड़ू बनाना, रस्सी बनाना व पिरूल की टोकरी बनाने की विधि भी सीखी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमुद रावत व विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने शरीर को निरोग रखने के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रकार का योगाभ्यास किया। इस दौरान बच्चों ने कविता पाठ, लोकनृत्य, लोक गीतों व पारंपरिक परिधान सहित विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया। समर कैंप के अंतिम दिन ब्लाक के उप शिक्षा अधिकारी मनोज जोशी ने समर कैंप में आकर बच्चों की गतिविधियों को देखा, उन्होंने बच्चों के हुनर की प्रशंसा की। कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य क्रियाकलापों पर भी ध्यान देने की जरूरत है, ताकि उनका मानसिक विकास हो सके। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक जयपाल भंडारी, प्रवीन कुमार सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### दुकान को किया शिफ्ट

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली के कर्णप्रयाग में आबकारी विभाग की ओर से विदेशी मदिरा की दुकान को स्थानांतरित कर दिया गया है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष गणेश शाह और स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग की ओर से बदरीनाथ हाईवे के समीप संचालित विदेशी मदिरा की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की थी। जिसे देखते हुए विदेशी मदिरा की दुकान को कर्णप्रयाग के नए बस अड्डे पार्किंग स्थल के समीप स्थानांतरित करने के आदेश दे दिए गए हैं।

# कूड़ा उठाने के लिए अतिरिक्त पैसा वसूलने का आरोप

## वार्ड के पार्षदों ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को दिया ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने क्षेत्र में कूड़ा एकत्रित करने वाली संस्था पर निर्धारित रकम से अतिरिक्त पैसा वसूलने का आरोप लगाया है। कहा कि पूर्व में घर-घर कूड़ा उठाने के लिए तीस रुपये की राशि निर्धारित की गई थी। बावजूद संस्था लोगों से चालीस रूपये वसूल रही है। आम जनता का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार को पार्षदों ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। पार्षदों ने घर-घर कूड़ा एकत्रित करने वाली संस्था पर लोगों से अतिरिक्त चार्ज वसूलने का आरोप लगाया। कहा कि संस्था बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित किए बगैर ही लोगों से तीस रूपए की जगह चालीस रूपए वसूल रही है, जिससे वार्ड वासियों में आक्रोश बना हुआ है। कहा कि संस्था के कर्मचारी भी शहर की सड़कों से समय पर कूड़े का ढेर नहीं उठाते। जिस कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। गंदगी के कारण शहर में स्वच्छता व्यवस्था भी बेपटरी होती जा रही है। पार्षदों ने संस्था पर स्थानीय लोगों के बजाय बहारी लोगों को काम पर रखने का आरोप लगाया। कहा कि यदि स्थानीय लोगों को काम पर रखा जाता है तो इससे उन्हें बेहतर रोजगार मिलेगा। इस मौके पर पार्षद सूरज प्रसाद कांति, अनिल रावत, अमित नेगी, सौरभ नौडियाल, बीना देवी, नाजनीन, नईम अहमद, सुभाष पांडे, हिमांशु सहित कई पार्षद मौजूद रहे।



कोटद्वार में महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन देते पार्षद

# छः से आठ जून तक होगा भुम्या देवता का पूजन

कोटद्वार : प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत ग्रामसभा कलीगाड में इस बार भुम्या देवता पूजन कार्यक्रम धूमधाम व श्रद्धा भाव से आयोजित करवाया जा रहा है।

भुम्या देवता पूजन कार्यक्रम छः जून से आठ जून तक करवाया जाएगा। कई सालों के बाद पहली बार भुम्या देवता पूजन को इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक हरिकृष्ण लखेड़ा ने बताया कि छः व सात जून को सुबह पूजन व दुर्गापाठ करवाया जाएगा। आठ जून को प्रातः कालीन पूजा के बाद मूर्ति का अभिषेक किया जाएगा।

तत्पश्चात जागर व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रवासी ग्रामीणों के लिए गांव में ही रहने व खानपान की समुचित व्यवस्था की गई है। कहा कि इस बार बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीणों के पूजन कार्यक्रम में शामिल

# गांव और ग्राम्य संस्कृति को बचाने की मुहिम चाई ग्रामोत्सव आज से

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पलायन से जूझते पहाड़ में गांव और ग्राम्य संस्कृति को बचाने की मुहिम पर केंद्रीत तीन दिवसीय चाई ग्रामोत्सव मंगलवार से शुरू होगा। जिसमें ग्राम समाज व धर्मेंद्र रावत ग्रुप व संस्कृति विभाग की सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगी। इस दौरान लोक गाथाओं का मंचन और गढ़वाल की संस्कृति व गीत संगीत पर विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

प्रखंड जयहरीखाल के ग्राम चाई में वर्ष 2010 से चाई ग्रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति संरक्षण और रिवर्स पलायन की व्यापक मुहिम को लेकर आयोजित किए जा रहे इस ग्रामोत्सव के सोलहवें आयोजन को लेकर गांव में खास तैयारियां की गई हैं। गांव के सभी घरों की साफ-सफाई एवं पुताई कर उन्हें विशेष तरीके से सजाया गया है। गांव में तोरण द्वार लगाए गए हैं।

आयोजन केंद्र नवदुर्गा मंदिर को भी सजाया गया है। आयोजन समिति के सदस्य डा. पदमेश बुडाकोटी ने बताया कि सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल एवं रुद्रप्रयाग के नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत तीन जून को महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।

इस दिन देव पूजन, कलश यात्रा व ग्राम दर्शन कार्यक्रम आयोजित होंगे। चार जून को आयोजित ग्राम विकास गोष्ठी में समाजसेवी प्रकाश चंद्र कोठारी मुख्य अतिथि तथा संस्कृतिकर्मी डा. सतीश कालेश्वरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पांच जून को समापन समारोह में कोटद्वार के मेयर शैलेंद्र रावत मुख्य अतिथि एवं प्रसिद्ध भूविज्ञानी डा. महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट (गढ़वाल विश्वविद्यालय) विशिष्ट अतिथि होंगे।

डा. बुडाकोटी ने बताया कि चाई ग्रामोत्सव में तीन जून को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ग्राम समाज व धर्मेंद्र रावत ग्रुप की प्रस्तुति व चार जून को संस्कृति विभाग उत्तराखंड की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगें।

इस दौरान लोक गाथाओं का मंचन और गढ़वाल की संस्कृति व गीत संगीत पर विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि देश-विदेश से प्रवासी व क्षेत्रवासी ग्रामोत्सव में शिरकत करने हेतु पहुंचने लगे हैं। बड़ी संख्या में बहन-बेटियां भी ससुराल से मायके पहुंच चुकी है, गांव में हर तरफ उल्लास का माहौल है।

### समर कैंप में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत टीसीजी पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया गया। सात दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने हार्स राइडिंग, डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा सहित विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों ने गतिविधियों के प्रति पूरा जोश व उत्हास देखा गया।

समर कैंप कैंप के अतिम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ डा. अंजना पंथ ने किया। इस मौके पर बचों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत व नाटक आकर्षण का केंद्र रहे। जिसमें बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य नीना ने कहा कि बच्चों को केवल पुस्तकों तक ही सीमित नहीं रहना है, बल्कि उन्हें जीवन के अनुभवों को भी सीखना चाहिए। कहा कि एसे समर कैंप बच्चों के सर्वागींण विकास में अत्यंत सहायक होते है। समर कैंप के समापन पर बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

# खराब बोर्ड रिजल्ट सीआर में दर्ज करने पर भड़का शिक्षक संघ

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में कमजोर रिजल्ट देने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य और विषय शिक्षक के वार्षिक गोपीनय आख्या (सीआर) में इसे दर्ज करने पर राजकीय शिक्षक संघ ने रोष व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों ने प्रांतीय कार्यकारिणी से भी इस निर्णय का विरोध करने की अपील की है।

संघ ने प्रांतीय कार्यकारिणी को ज्ञापन भेजकर इस फैसले का विरोध करने की अपील की है। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बलराज सिंह गुसांई, जिलामंत्री विजेंद्र सिंह बिष्ट ने प्रांतीय कार्यकारिणी को भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में कमजोर रिजल्ट देने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य और विषय शिक्षक के वार्षिक गोपीनय आख्या (सीआर) में इसे दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

कहा कि पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान विभिन्न गैर शैक्षणिक कार्यों, विभिन्न प्रकार के गैर सरकारी संगठनों के द्वारा संचालित प्रशिक्षकों व विभिन्न विभागों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों में व्यस्त रखा जाता है। इन सब कार्यों का प्रभाव परीक्षाफल पर पड़ना अपेक्षित है। जिसके लिए शिक्षक उत्तरदायी नहीं है। कहा कि जिला कार्यकरिणी माध्यमिक शिक्षा निदेशक के न्यून परीक्षाफल के पत्र का विरोध व निंदा करती है।

## अदालती सूचना

**न्यायालय असि0 कलेक्ट्रर प्रथम श्रेणी, कोटद्वार गढ़वाल।**

**रा0वाद संख्या 32 सन् 2024**

**श्री धीरेन्द्र सिंह पटवाल - बनाम - उत्तराखण्ड सरकार आदि**

**समन बनाम**

श्रीमती कल्पेश्वरी देवी पत्नी स्व0 कुर्मानन्द, 2- श्री शेखर पुत्र स्व0 कुर्मानन्द, 3- श्री सन्तन सिंह पुत्र स्व0 कुर्मानन्द, 4- श्री गोकलदेव पुत्र स्व0 कुर्मानन्द, समस्त निवासीगण ग्राम पदमपुर, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

हरगाह वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अन्तर्गत धारा- 229 बी0 उ0प्र0 ज0वि0अधि0 के अन्तर्गत पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति वांछनीय है।

अतः आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 6/6/25 को बवक्त 10.00 बजे दिन मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन न्यायालय उपस्थित होकर अपनी पैरवी करना सुनिश्चित करे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 25/4/25 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय असि0 कलेक्ट्रर प्रथम श्रेणी, कोटद्वार गढ़वाल।**

# विस अध्यक्ष ने अनन्या रावत को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने गाड़ीघाट निवासी अनन्या रावत को सम्मानित किया। अनन्या रावत ने दक्षिण एशियाई सेस्तोबाल चैपिंयनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पदमपुर स्थित एक बारात घर में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अनन्या रावत को प्रदेश का गौरव बताया। कहा कि अनन्या रावत ने मई 2025 में श्रीलंका में आयोजित द्वितीय सेस्तोबाल साउथ एशियन चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम में शामिल होकर देश-प्रदेश में कोटद्वार का नाम रोशन किया है। कहा कि अनन्या रावत की यह उपलब्धि सभी के लिए गौरव का विषय है। वर्तमान में अनन्या रावत सेंट जोसेफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10-वीं की छात्रा है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अनन्या रावत इससे पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभाग का परचम लहरा चुकी है।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में अनन्या को सम्मानित करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण

# बच्चे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा बाल अधिकारों और सुरक्षा को लेकर बच्चों में जागरूकता लाने के लिए राजकीय जूनियर हाईस्कूल, नगर क्षेत्र-11 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी असामान्य स्थिति में तुरंत विश्वसनीय वयस्क से संपर्क करने की सलाह दी। बाल कल्याण समिति सदस्य गंगोत्री नेगी ने बच्चों को बाल संरक्षण कानूनों, आत्म-सुरक्षा के उपायों और साइबर सुरक्षा जैसे मामलों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही उन्होंने पॉक्सो ऐक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य के विषय में बच्चों को समझाया। बताया कि यदि वे किसी प्रकार की हिंसा, शोषण या उत्पीड़न का सामना करते हैं तो किन माध्यमों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# डीएम सहित 12391 दंपति ने किया यूसीसी पंजीकरण

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली जनपद में समान नागरिक संहिता में जिलाधिकारी संदीप तिवारी के साथ ही वर्तमान तक 12391 दंपति की ओर से विवाह पंजीकरण किए जा चुके हैं। जबकि जनपद में 13218 दंपति की ओर से यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया है। चमोली जिले के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बीती 28 मई को गोपेश्वर में शादी की थी। जिसके बाद जिलाधिकारी ने यूसीसी में विवाह का पंजीकरण करवा लिया है। चमोली में वर्तमान तक 13218 दंपति की ओर से विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। जिनमें से वर्तमान तक 12391 दंपति का विवाह पंजीकृत हो गए हैं। जबकि 521 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही जनपद में विवाह विच्छेद के लिए 22 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 19 आवेदन पंजीकृत तथा 9 आवेदन निरस्त किए गए हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से लागू समान नागरिक संहिता के तहत वर्ष 2010 के बाद विवाह करने वाले दंपति को यूसीसी में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। यूसीसी में निर्धारित समय में पंजीकरण न कराने वाले दंपति को अर्थदंड से दंडित करने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने वर्ष 2010 के बाद विवाह करने वाले दंपति को शीघ्र विवाह पंजीकरण करवाने की अपील की है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

प्रवर मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर प्रदेश मुरादाबाद कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 29RT-SIG-GumtiShifting-O शिफ्टिंग ऑफ़ एस एंड टी इक्विपमेंट इन परमानेंट ड्यूटी हट्स फ्रॉम दा पोर्ट केबिन (नियर लेवल क्रासिंग) इन ON-BLM & BLM-SPC सेक्शन अंडर ADSTE/HRI | 3499909.33 | 70000.00 | Nil | 30.06.2025 15:00 hrs. |
| 3 | ST-Sig-KXK-MTC-UFSBI-Q प्रोविजन ऑफ़ यू एस बी आई अलोंग विथ एच ए एस एस डी ए सी एंड रिपेयरिंग ऑफ़ क्यूआड केबल इन KXK-MTC & HPU-KXK सेक्शन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 5153436.88 | 103100.00 | Nil | 30.06.2025 15:00 hrs. |
| 4 | SNT-Sig-HZR-EI-MB-2024-25 एस एंड टी वर्क इन c/w प्रोविजन ऑफ़ बैलस्ट साइडिंग एट हाफिजपुर स्टेशन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न | 25815106.10 | 279100.00 | Nil | 30.06.2025 15:00 hrs. |

नोटः– निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना 29RT-Gumti shifting, KXK-MTC-UFSBI, SIG-HZR-EI-MB-24-25 दिनांक 02.06.2025 1635/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा एनआईटी संख्या | 17–विद्युत/नि./ टी.आर.डी./एम.बी./ 139 |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, लखनऊ-मुरादाबाद खण्ड में पीताम्बर पुर के कि.मी. 1288/17-19 पर गेट सं.-352 सी के बदले आरओबी, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं.-51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं. 13 एंव सेक्शनिगं पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतिकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिगंल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,87,73,215.60 |
| 5 | बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,43,900/- |
| 6 | ई–निविदा जमा करने एवं ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 25.06.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 25.06.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई–निविदा एंव निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.06.2025 से दिनांक 25.06.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वैबसाइट पर अपना ई–पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास ।।। डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है), जो आई टी नियम–2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। केवल ई–निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रुप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं. 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी/139 दिनांक 02.06.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1630/25

## संक्षिप्त समाचार

### दवा कंपनियों के नकली क्यूआर कोड, आउटर बॉक्स व शराब के लेबल छापने वाला गिरफ्तार

विकासनगर। एसटीएफ ने प्रतिष्ठित दवा कंपनियों के क्यूआर कोड, आउटर बॉक्स और शराब के नकली लेबल छापने वाले एक व्यक्ति को सेलाकुई के बायाखाल से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दवा कंपनियों के 658 स्टीकर और 386 शराब के स्टीकर बरामद किए गए हैं। आरोपी इन नकली स्टीकरों को देहरादून के प्रिंटिंग प्रेस से डिजाइन कर छपवाता है और दिल्ली के एक व्यक्ति को भेजता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट ऐक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी जिन लोगों के कहने पर नकली क्यूआर कोड, रैपर बनवाता था। एसटीएफ उनकी गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

### चालदा महासू महाराज की एक पालकी बनाने में नहीं बनी सहमति

विकासनगर। चालदा महासू महाराज सेवा समिति खत शैली के दोहा गांव में आयोजित 12 खतों की विशेष बैठक में चालदा महासू महाराज की दो पालकियों को एक पालकी बनाने को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। बैठक में 12 खतों से प्रत्येक गांव से दो-दो प्रतिनिधि इस विशेष बैठक में आमंत्रित किए गए थे। दोहा स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित 12 खतों की बैठक में चालदा महाराज के साथ जो दो पालकी चलती है उसको एक ही पालकी के रूप में विलय करने को लेकर निर्णय लिया जाना था। परंतु बैठक में इस बात की सहमति नहीं बन पाई। अंतिम निर्णय यह हुआ कि जब महाराज का प्रवास का क्रम पूरा हो जाएगा, उसके बाद ही निर्धारित किया जाएगा।

दरअसल, चालदा महाराज की प्रारंभ से ही एक पालकी होती थी। जो विभिन्न स्थानों पर प्रवास में जाती थी। परंतु चन्दौऊमें जब चालदा महाराज प्रवास पर थे, उस दौरान खत अठगांव वासियों ने श्रद्धापूर्वक एक और पालकी का निर्माण कर देवता के साथ उस पालकी को भी देव दर्शन के लिए जोड़ दिया।

### चोरी की फिराक में घूम रहा व्यक्ति खुखरी के साथ गिरफ्तार

विकासनगर। सहसपुर पुलिस ने रविवार देर रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से खुखरी बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी क्षेत्र में चोरी के नीयत से घूम रहा था। एसएसआई विकास रावत ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक व्यक्ति रियात पुत्र मुस्ताक निवासी सलीम कोटे वाली गली जमाल मस्जिद के पास घूमता हुआ मिला। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पकड़ कर चेक किया तो उसके कब्जे से एक खुखरी बरामद हुई।पूछताछ में उसने बताया कि वह चोरी के इरादे से घूम रहा था। बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### शिक्षा विभाग के क्लर्क के साथ 2.15 लाख की ठगी

चम्पावत। शिक्षा विभाग के एक क्लर्क से निवेश करने का झांसा देकर 2.15 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ति ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। टनकपुर के पीलीभीत रोड निवासी क्लर्क दरबान सिंह के मुताबिक उनके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप मैसेज मिला। मैसेज में उन्हें धन निवेश कर कार्य पूर्ण होने पर कमीशन के रूप में लाभ प्राप्त करने की बात कही है।

इससे संबंधित लिंक, फोटो सहित कुछ ब्योरे आदि उन्हें भेजे गए। जिस पर टेलीग्राम लिंक के माध्यम से उनकी बात होने लगी। शिकायतकर्ता के मुताबिक टास्क पूरा नहीं होने पर नुकसान की भरपाई के रूप में निर्धारित किस्त की तिगुनी राशि जुर्माने के तौर पर अदा करने को कहा गया। इससे संबंधित फर्जी शपथपत्र टेलीग्राम से भेज उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर डराने लगे।

### विभागों ने किसानों के साथ साझा की जानकारी

विकासनगर। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बहुउद्देशीय भवन ग्राम डामटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की जानकारी किसानों के साथ साझा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंतनगर विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. अनुराधा दत्त ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान आत्मनिर्भर किसान, आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है।

# पुलिस ने महिला की हत्या के आरोप में युवक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

### आपसी कहासुनी के कारण युवक द्वारा ईंट से मारकर घटना को दिया था अंजाम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी पुलिस ने महिला पर हमला कर महिला की मृत्यु कारित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के पश्चात जेल भेज दिया गया है।एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि 31 मई 2025 को रात्रि में कोतवाली पौड़ी पर सूचना प्राप्त हुई कि बस अड्डा पौड़ी के रैन बसेरे के नीचे रहने वाली लक्ष्मी देवी उर्फ गणेशी उम्र 65 वर्ष पुत्री गब्बर सिंह, निवासी बरसूडी, पौड़ी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ईंट व डंडे से मारकर घायल कर दिया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए श्रीनगर रेफर कर दिया और श्रीनगर से घायल महिला को दून अस्पताल रेफर किया गया। इस संबंध में कोतवाली पौड़ी में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 109 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी ने बताया कि 1 जून 2025 को कोतवाली नगर देहरादून से उक्त महिला के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई कि उपचार के दौरान महिला की मृत्यु हो गई है। जिसके पश्चात उक्त मुकदमें में हत्या से संबंधित धारा 103 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। उन्होंने बताया कि प्रभारी कोतवाली पौड़ी कमलेश शर्मा के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाही करते हुए कुशल पतारसी सुरागसी व आसपास से जुटाई गयी जानकारी कर महिला पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त की पहचान कर अभियुक्त पवन रावत पुत्र रोशन रावत निवासी ग्राम कूयाडी, नैटा, पाबौ, जिला पौड़ी गढ़वाल को पौड़ी बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के पश्चात जेल भेज दिया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह रैन बसेरे में सो रहा था, उक्त महिला द्वारा रात्रि में उसे गाली गलौज की गई, जिस पर उसने गुस्से में आकर ईंट व डंडे से महिला पर हमला कर दिया।

# डीएम ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा 02 जून से 26 जून तक जनपद में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जनसाधारण को जागरूक करना है। मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, प्रभागीय वनाधिकारी तरुण एस, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, सीएमओ अभिषेक गुप्ता व समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# आक्रोशित महिलाओं ने डीएफओ को किया कमरे में बंद

रुद्रप्रयाग : कांडा गांव में गुलदार द्वारा निवाला बनाई गई महिला के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत नहीं हो रहा है। सोमवार को गांव गईं डीएफओ सहित एसडीओ और रेंजर सहित कई वन कर्मियों को महिलाओं ने वन पंचायत के कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी। महिलाएं गुलदार को शूट करने की मांग पर अड़ी हैं। आधे घंटे बाद आश्वासन मिलने पर महिलाओं ने कमरा खोला। जखोली ब्लॉक के कांडा चमसारी तोक में घटना के तीसरे दिन भी गुलदार पकड़ से बाहर है। हालांकि वन विभाग ने यहां चार पिंजरे लगाए हैं, किंतु गुलदार का कोई पता नहीं लग पाया है। सोमवार को वन विभाग के अधिकारियों को गांव में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पहले अधिकारियों का घेराव किया गया और फिर अधकारियों को कमरे में बंद कर दिया। रुद्रप्रयाग वन प्रभाग की प्रभागीय वनाधिकारी कल्याणी जब गांव पहुंचीं तो दोपहर 12 बजे करीब उन्हें ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। इस दौरान डीएफओ के साथ ही एसडीओ दिवाकर पंत, रेंजर हरीश थपलियाल सहित कई वन कर्मियों को ग्रामीण महिलाओं ने वन पंचायत के भवन में बंद कर दिया। जबकि बाहर से वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। महिलाओं की एक ही मांग थी कि गुलदार को हर हाल में शूट किया जाए। हालांकि वन विभाग द्वारा भरोसा दिया गया कि पहले गुलदार की पहचान होने दी जाए, उसके बाद ही शूट करने का प्रयास किया जाएगा। विभाग के पास विभागीय शूटर भी उपलब्ध हैं।

### योग को जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाने का किया आह्वान

जयन्त प्रतिनिधि। रुद्रप्रयाग : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारियों के चलते कार्तिक स्वामी मंदिर परिसर में सोमवार को हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य योग के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता था।

योग दिवस-हरित योग कार्यक्रम का शुभारंभ योग अनुदेशक रविन्द्र सिंह व राजीव तिवारी द्वारा प्रातः 8 बजे सूर्य नमस्कार व सामूहिक योग अभ्यास के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. मनीष बर्तवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों सहित स्कूली छात्र-छात्राओं व पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र के पश्चात् मंदिर प्रांगण व आस-पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण भी किया गया। विभिन्न प्रकार के औषधीय व छायादार पौधे रोपित किए गए।

# कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ही सफलता का एकमात्र मंत्र : प्रिया शाह

### आर्मी पब्लिक स्कूल में प्रेरणादायक और परामर्श सत्र का आयोजन



जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में जूनियर डिवीजन लैंसडौन न्यायालय की माननीय जज श्रीमती प्रिया शाह पी.सी.एस (जूडीशियरी) द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए एक मोटिवेशनल और कैरियर परामर्श सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती विप्रा तोमर द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई। इस मौके पर जज ने सिविल सर्विसेज की तैयारियों, प्रश्न पत्र का पैटर्न, साक्षात्कार की तैयारी और न्यायपालिका की भूमिका, न्याय प्रणाली की आवश्यकता और कानून के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश में न्याय सभी के लिए समान है, न्याय केवल अदालतों में नहीं, हमारे आचरण में भी होना चाहिए। हर छात्र को ईमानदारी, मेहनत, अनुशासन और सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए। कहा कि केवल कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ही सफलता का एकमात्र मंत्र है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का पालन यदि ईमानदारी से करेंगे तो समाज में कभी अन्याय नहीं होगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने जज से सवाल भी पूछे। जज ने छात्रों के प्रश्नों का धैर्य पूर्वक उत्तर दिए और उनका मागदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सुंदरियाल ने परामर्श सत्र आयोजित करने के लिए जज श्रीमती प्रिया शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों को भविष्य में सही मार्गदर्शन प्राप्त होगा और वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।

### वार्ष्णेय वैश्य समाज ने लगाया ठंडे गुलाब का प्याऊ

हरिद्वार। आर्यनगर के अनुराग पैलेस के सामने वार्ष्णेय वैश्य समाज की ओर से प्याऊ लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया। इस दौरान संयोजक रोहित गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश वार्ष्णेय, महामंत्री उपेंद्र आर्य, अध्यक्ष प्रमेश गुप्ता, वीसी गुप्ता, हरिओम गुप्ता, किशन स्वरूप गुप्ता, विकास गांधी, आलोक वार्ष्णेय, निधीश वार्ष्णेय, पियूष वार्ष्णेय, डॉ. शोभित वार्ष्णेय, कुलदीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, चंद्रेश आर्य, मयंक गुप्ता, प्रकाश वार्ष्णेय, योगेश वार्ष्णेय, राकेश गुप्ता, डॉली गुप्ता, रुचि वार्ष्णेय, सीता गुप्ता, रमा वैश्य आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किए भगवान केदारनाथ के दर्शन

### यात्रा व्यवस्थाओं हेतु उत्तराखंड सरकार एवं बीकेटीसी को सराहा



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने सोमवार सुबह पवित्र केदारनाथ धाम पहुंचकर सपरिवार भगवान शिव के दिव्य दर्शन किए। इस पावन अवसर पर उन्होंने रुद्राभिषेक पूजा संपन्न की और देश-प्रदेश तथा जनकल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार प्रातः 7 बजे केदारनाथ हेलीपैड पर पहुंचीं, जहां श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति यबीकेटीसी और श्री केदार सभा के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हेलीपैड से सीधे मंदिर परिसर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल भी उपस्थित रहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री को भगवान केदारनाथ मंदिर का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया और मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को केदारनाथ में जारी पुनर्निर्माण कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। पूजा-अर्चना के उपरांत बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने मुख्यमंत्री को भगवान केदारनाथ का प्रसाद रुद्राक्ष माला एवं विभूति भेंट स्वरूप प्रदान की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भगवान केदारनाथ के दर्शन से आत्मिक शांति प्राप्त होती है और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा अद्भुत है। उन्होंने इस यात्रा को अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए यात्रा व्यवस्थाए सुरक्षा और सेवाओं के प्रबंधन को अत्यंत उत्कृष्ट बताया। इस अवसर पर मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़, पुजारी बागेश लिंग, धर्माधिकारी ओंकार शुक्ला, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, यशोधर मैठाणी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, उमेश पोस्ती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रमोद बगवाड़ी, प्रदीप सेमवाल, अरविंद सेमवाल, पारेश्वर त्रिवेदी, कुलदीप धर्म्वाण सहित पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विकास भवन में अब महिलाएं चलाएंगी कैंटीन

बागेश्वर। विकास भवन परिसर में सोमवार को एक नई कैंटीन का उद्घाटन किया गया, जिसका संचालन नमन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है। कैंटीन का उद्घाटन जिलाधिकारी आशीष भटगांई, प्रशासक जिला पंचायत बसंती देव, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया और विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास और अन्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने नमन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बधाई देते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा विकास भवन में दूर-दराज से लोग आते हैं और मुझे विश्वास है कि उन्हें इस कैंटीन का लाभ अवश्य मिलेगा।

# कांवड़ मेला संपन्न कराने में हम सभी की जिम्मेदारी है: एसएसपी



हरिद्वार। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सोमवार को कहा कि कांवड़ मेला संपन्न कराने में हम सभी की जिम्मेदारी है, आपसी समन्वय बनाकर मेले को निर्विघ्न संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से तैयारियों पर की परिचर्चा की। इस बार 11 से 23 जुलाई तक कांवड़ मेला चलेगा एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की अगुवाई में सोमवार को आगामी कांवड़ मेले की तैयारियों को जानने के उद्देश्य से जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना, शाखा प्रभारियों के साथ बैठक की।

# छोटी-छोटी समस्याओं को नासूर न बनने दें अधिकारीः सुरेश

बागेश्वर। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को कपकोट तहसील सभागार में एक जनता दरबार का आयोजन किया। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया और जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आम जन से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कुल 23 समस्याएं व शिकायतें दर्ज की गईं।

विधायक गड़िया ने कहा कि अधिकारी छोटी-छोटी समस्याओं को नासूर न बनने दें। तांकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसके लिए विकास कार्यों में और अधिक गति लाई जाए। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि जनता दरबार केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन और आमजन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दूरस्थ क्षेत्रों से आई समस्याओं पर संवेदनशीलता से कार्य करें। जनता दरबार में पोथिंग के राजेंद्र सिंह ने पेयजल की व्यवस्था की मांग की, जबकि धनीगांव-जगथाना के ग्रामीणों ने वृक्ष पातन की अनुमति चाही। हिमांशु शाही ने ग्राम बधेली में आपदा से क्षतिग्रस्त पुलिया के पुनर्निर्माण की मांग की।

### श्यामपुर क्षेत्र में नहीं है एक भी खेल मैदान

हरिद्वार। श्यामपुर, सजनपुर पीली, लालढांग और चिड़ियापुर बॉर्डर तक क्षेत्र में खेल गतिविधियों के लिए एक भी मैदान मौजूद नहीं है।

मैदान नहीं होने से खेलों में करियर बनाने की चाह रखने वाले ग्रामीण युवक-युवतियां जंगल के बीच नहर पटरी, अस्पताल की खाली पड़ी भूमि पर अभ्यास कर रहे हैं। क्षेत्र में बीते कुछ वर्षों में आबादी में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है, जिससे आवास और खेती के लिए भी जमीन की कमी महसूस हो रही है। ग्राम पंचायतों की सार्वजनिक ज़मीनों पर अवैध कब्ज़ों के कारण खेल मैदान की संभावनाएं और भी सीमित हो गई हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

# बैंक सखियां आजीविका संवर्धन के लिए काम करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित बैंक सखियों को नगर पालिका सभागार गोपेश्वर में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान नेशनल रिर्सास पर्सन गगन बिहारी ने बैंक सखियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, सुकन्या समृद्धि योजना, बैंक लिंकेज, केसीसी टर्म लोन के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के पांच विकासखण्डों देवाल, थराली, गैरसैंण, पोखरी व घाट की एनआरएलएम समूह सदस्यों ने प्रतिभाग किया।



मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक सखियों को सीसीएल का उपयोग कर आजीविका संवर्धन के लिए काम करने को कहा। इस दौरान डीडीओ केके पंत, डीपीएम रीप ममराज चौहान, ग्रामीण वित्त समन्वयक संजय पुरोहित मौजूद रहे।

# मंच पर खड़ा होना अपने आप में उपलब्धिः डीएम

हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे की विशेष पहल पर 13 आंगनबाड़ी केंद्रों के तीन से पांच वर्ष के बच्चों को मंच देने की शुरुआत की गई। आंगनबाड़ी सुपर स्टार नाम की इस पहल से बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निखारना है। इसी क्रम में डीएम कर्मेन्द्र सिंह और सीडीओ आकांक्षा कोंडे ने सोमवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम हॉल में दीप जलाकर डांसिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने पहल की सराहना कर कहा कि बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मंच बच्चों में आत्मविश्वास, उत्साह और अभिव्यक्ति की कला को विकसित करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मंच पर खड़ा होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होती है और समय पर अवसर मिलने से बच्चों में नेतृत्व गुण स्वतः विकसित होते हैं।




### शिवालिक नगर के बंद घर में चोरी की वारदात

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के शिवालिक नगर में रविवार को चोरों ने एक बंद घर से सोने की चेन, कीमती सामान और नगदी चुरा ली। इस दौरान युवती ड्यूटी पर गई हुई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवालिक नगर बी-64 में किराये पर रहने वाली रेनू सिंह पुत्री हरिकेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सिडकुल की निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उनके मकान मालिक विदेश में हैं और वह घर में अकेली ही रहती हैं। रविवार सुबह वह रोजाना की तरह ड्यूटी पर गई थीं। शाम को लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर पहुंचने पर अलमारी और अन्य सामान बिखरा हुआ मिला।

# प्रतियोगिता में सराय की टीम रही अव्वल



हरिद्वार। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने धड़क-धड़क धुआं उड़ाए रे, टुकुर-टुकुर देखता है क्या, दिल चाहता है जैसे गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही योग पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रतियोगिता में पहला स्थान सराय की टीम, दूसरा स्थान सलेमपुर की टीम और तीसरा स्थान बहादराबाद की टीम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर आईटीसी एचआर हेड अल्ताफ हुसैन, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पंवार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नलिनी ध्यानी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया, डॉ. नरेश चौधरी, सीडीपीओ संदीप सिंह, प्रीति भंडारी, वर्षा शर्मा, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, अभिभावकगण सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com